कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

E-mail- cgvyapam19@gmail.com Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक/व्यापम/2019/2307 रायपुर, दिनांक 25/09/19

प्रेस विज्ञप्ति

सहायक शिक्षक विषय (विज्ञान) (ई.एवं टी. संवर्ग) (SEAT19) एवं शिक्षक (व्यायाम, अंग्रेजी, जीव विज्ञान, गणित, कृषि) (ई.एवं टी. संवर्ग) (SEDT19) भर्ती परीक्षा –2019 के मॉडल उत्तर जारी करने के संबंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालक, लोक शिक्षण, छ.ग. के प्रस्ताव पर सहायक शिक्षक– विषय विज्ञान (ई. एवं टी. संवर्ग) (SEAT19) एवं शिक्षक (व्यायाम, अंग्रेजी, जीव विज्ञान, गणित, कृषि) (ई. एवं टी. संवर्ग) (SEDT19) भर्ती परीक्षाओं का आयोजन दिनांक 25 अगस्त 2019, रविवार को दो पालियों में किया गया था। प्रथम पाली में पूर्वान्ह 9:00 से 12:15 बजे तक सहायक शिक्षक– विषय विज्ञान (ई. एवं टी. संवर्ग) (SEAT19) एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 2:00 से 5:15 बजे तक शिक्षक (व्यायाम, अंग्रेजी, जीव विज्ञान, गणित, कृषि) (ई. एवं टी. संवर्ग) (SEDT19) भर्ती परीक्षाओं का आयोजन किया गया था।

उपरोक्त भर्ती परीक्षाओं के मॉडल उत्तर व्यापम के वेबसाइट **https://vyapam.cgstate.gov.in** पर दिनांक 25.09.2019 को प्रदर्शित कर दिया गया है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर मॉडल उत्तर देख सकते हैं ।

यदि किसी अभ्यर्थी को प्रश्न के उत्तर में आपत्ति हो तो वे निहित प्रारूप में स्वयं उपस्थित होकर, डाक के माध्यम से या व्यापम के ई–मेल आई.डी. **dawaapatti2019@gmail.com** के द्वारा दिनांक 30.09.2019, सायं 5.00 बजे तक सप्रमाण दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं । दावा/आपत्ति को ई–मेल में भेजने पर परीक्षा का नाम **E-mail Subject** में **SEAT19 या SEDT19** अंकित करना अनिवार्य है। बिना प्रमाण के एवं बिना नियत प्रारूप में प्राप्त तथा निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

प्राप्त दावा/आपत्ति का निराकरण विषय विशेषज्ञों द्वारा किया जायेगा और उनके द्वारा दिये गये अंतिम उत्तर के आधार पर ही मूल्यांकन किया जावेगा ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर